प्रेस नोट ***21/02/2025***

फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर पीडिता के भाई को जेल भेजने के नाम पर की गयी फ्रॉड की कुल धनराशि 1,44,000 रुपये (एक लाख चौवालिस हजार रुपये) थाना घोसी साइबर पुलिस टीम द्वारा वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना घोसी साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए। फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर पीडित के भाई को जेल भेजने के नाम पर की गयी फ्रॉड, पीडित मधुर लता यादव पत्नी संजय यादव निवासी नदवासराय थाना घोसी जनपद मऊ के कुल धनराशि 1,44,000 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना घोसी के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया । साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर से बचा जा सकता है।

बरामदकर्ता पुलिस टीम–

थानाध्यक्ष श्री मनोज सिंह थाना घोसी, उ0नि0 प्रकाश कुमार, क0आ0 अरविन्द यादव, म0आ0 निशी सिंह थाना घोसी जनपद मऊ ।

01 वांछित तथा 03 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 21.02.2025 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा जरिये मुखबिर की सूचना पर बुनकर कॉलोनी मोड़ के पास से मु0अ0सं0 335/24 धारा 376डी, 308,366,323,506 भादवि में वांछित अभियुक्त मो0 तहसीन पुत्र स्व0 इमरान खाना निवासी साहपुर अदरी थाना कोपागंज तथा घोसी पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्तगण दिनेश पुत्र भग्गन, सुरेश पुत्र भग्गन निवासीगण पकडी खुर्द थाना घोसी, भोला चौहान पुत्र जयनरायण निवासी प्यारेपुर थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया ।

गुमशुदा/खोए कुल 06 मोबाइल फोन लगभग 01 लाख 50 हजार रुपये कीमती बरामद कर उनके स्वामियों को किया गया सुपुर्द–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुहम्मदाबाद साइबर/सीसीटीएनएस टीम द्वारा माह फरवरी 2025 में थाना स्थानीय पर दर्ज गुमशुदगी को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा मोबाइल धारको का थाना स्थानीय पर नियुक्त साइबर व सीसीटीएनएस टीम द्वारा गुमशुदा मोबाइलों को बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। जिसमें 01 वनप्लस, 01 विवो, 02 ओपो, 01 इनफिनिक्स व 01 आईक्यू है। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना मुहम्मदाबाद के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया ।

बरामदकर्ता पुलिस टीम–

1. श्री ओमप्रकाश यादव निरीक्षक अपराध थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।
2. क0आ0 संजय गुप्ता थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।
3. आ0 दयानाथ मौर्या थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।
4. आ0 लवकुश थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।
5. म0आ0 प्रियंका मिश्रा थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।
6. म0आ0 शिवानी तिवारी थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।